# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011

टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं.: 0755-2550498

वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in


# पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा (PCRT)–2025

## अंतिम परीक्षा–परिणाम

## केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ)

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा तिथि | : | 30.10.2025 से 15.12.2025 तक |
| परीक्षा परिणाम तिथि (प्रथम चरण) | : | 25 जनवरी 2026 |
| परीक्षा परिणाम तिथि (अंतिम चरण) | : | 9th अप्रैल 2026 |

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

9/4/26

09/4/26

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2025 का अंतिम परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा (PCRT)–2025 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 30.10.2025 से 15.12.2025 तक म.प्र. के 11 शहरों (भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन) में किया गया था। उक्त परीक्षा के प्रथम चरण का परिणाम दिनांक 25 जनवरी 2026 को घोषित किया गया। इसके आधार पर पुलिस विभाग के स्तर से द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. उक्त परीक्षा के लिखित परीक्षा परिणाम में द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए कुल **57985** अभ्यर्थियों का परिणाम पुलिस विभाग को उपलब्ध करवाया गया था, जिसके अनुसार पुलिस विभाग द्वारा द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत इसके द्वितीय चरण के परिणाम से संबंधित जानकारी, अभिलेख व डाटा सीलबंद लिफाफे में मण्डल कार्यालय को उपलब्ध करवाया गया था।
2. उक्त परीक्षा के लिखित परीक्षा परिणाम एवं द्वितीय चरण के परिणाम से संबंधित जानकारी/डाटा को एकजाई/अद्यतन कर नियमपुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार एवं नियम क्रमांक 2.7ब ''परीक्षा परिणाम में Normalised Equi-Percentile (NEP) पद्वति'' तथा Z-Score एवं T-Score के अधार पर केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता का निर्धारण आयु में वरीष्ठता के आधार पर किया गया है। होमगार्ड सैनिक अभ्यर्थियों की सहवरिष्ठता, सेवा अनुभव के अंक एवं द्वितीय चरण के प्राप्तांक तद्उपरांत आयु में वरिष्ठता के आधार पर निर्धारित की गई है।
4. नियमपुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार महिला, होमगार्ड स्वयंसेवी नगर सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिक संवर्ग में आवश्यकतानुसार उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के फलस्वरूप रिक्त रहे पदों को संबंधित श्रेणी के ''बिना वर्ग/ओपन'' में परिवर्तित किया गया।
5. लिखित परीक्षा परिणाम एवं अंतिम परीक्षा परिणाम में पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार कटऑफ अंकों की जानकारी परिणाम संक्षेपिका के साथ संलग्न की गई है।
6. तद्नुसार तैयार किया गया परीक्षा परिणाम साफ्टकॉपी व हार्डकॉपी में पुलिस विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता व दस्तावेजों की पुनः जॉच /परीक्षण तथा पदस्थापना से संबंधित समस्त कार्यवाहियॉं पुलिस विभाग के स्तर से सुनिश्चित की जायेगी।
7. अंतिम परीक्षा परिणाम की जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb .mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी, जहॉं से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकेंगे।
8. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल,
दिनांक : 9th अप्रैल 2026

09/4/26

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

9/4/2026

# पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल

क्रमांक/पुमु/2/चयन/स-3/ 320 /2026 दिनांक 07 /04/2026

प्रति,

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

**विषय:-** आरक्षक (जीडी) भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 के अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने के संबंध में।

---0---

कृपया उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आरक्षक (जीडी) भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 में महिलाओं के लिये 35 प्रतिशत आरक्षण है, तो वह होमगार्ड सैनिकों पर भी बराबर लागू होगा, अन्यथा होमगार्ड सैनिकों के प्रतिनिधित्व में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी।

अतः महिलाओं एवं होमगार्ड महिलाओं के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना है:-

| Constable (GD) | | UR | | SC | ST | OBC | | | EWS | Total | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 27% | 13% काल्पनिक | 16% | 20% | 27% | 14% | 13% प्रावधिक | 10% | 87% | 13% | 100% |
| Open | | 735 | 353 | 435 | 544 | 734 | 381 | 353 | 272 | 2367 | 353 | 2720 |
| Ex Serv (10%) | | 183 | 89 | 109 | 136 | 184 | 95 | 89 | 68 | 591 | 89 | 680 |
| HG(15%) | Male | 179 | 86 | 106 | 133 | 179 | 93 | 86 | 66 | 577 | 86 | 663 |
| | Female | 97 | 46 | 57 | 71 | 96 | 50 | 46 | 36 | 311 | 46 | 357 |
| | **Total** | **276** | **132** | **163** | **204** | **275** | **143** | **132** | **102** | **888** | **132** | **1020** |
| Female (35%)# | | 642 | 310 | 381 | 476 | 643 | 333 | 310 | 238 | 2070 | 310 | 2380 |
| **Total** | | **1836** | **884** | **1088** | **1360** | **1836** | **952** | **884** | **680** | **5916** | **884** | **6800** |

\# होमगार्ड महिलाओं की संख्या सम्मिलित करते हुये, कुल महिलाओं की संख्या की गणना की जाएगी।

प्रथम चरण लिखित परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी में Cut-off अंक निर्धारित हुए थे, उनसे अधिक प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में अंक पाने वाले ही आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थी, अनारक्षित श्रेणी में चयनित किये जा सकते है। इसमें परंतु यह भी देखना होगा कि-

1. जीडी –जिला पुलिस बल
2. जीडी- विशेष सशस्त्र बल

उपरोक्त दोनों संवर्ग में ऐसे अभ्यर्थियों को उनकी उच्च प्राथमिकता का संवर्ग यदि अनारक्षित श्रेणी में नहीं मिल रहा है, लेकिन उनकी आरक्षित श्रेणी में वह संवर्ग उनको आवंटित हो सकता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों का चयन अनारक्षित श्रेणी के स्थान पर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के विरूद्ध किया जावे।

उदाहरण के लिये होमगार्ड में यदि अनारक्षित महिलाओं की संख्या 80 है, जो वे सभी चयनित हो जाएंगी। इसके बाद उनके लिये आरक्षित 97 पदों में से 17 रिक्तियां शेष रहेंगी, जिन्हें कि पुरूष होमगार्ड सैनिकों से भरा जाएगा और उनकी संख्या 179+17=196 हो जाएगी।

इसके बाद चूँकि कुल महिलाओं के आरक्षित पद 642 हैं और उनमें 80 महिला होमगार्ड सैनिक चयनित हो गई हैं तो अब 642-80=562 ही महिला अभ्यर्थी चयनित होंगी और ये 80 पद Open में पुरूष अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे और उनकी संख्या 735+80=815 हो जाएंगी।

7/4/26

(बीरेन्द्र कुमार सिंह)
पुलिस उप महानिरीक्षक (चयन/भर्ती)
पुलिस मुख्यालय, भोपाल